# भारतीय स्टेट बैंक

केन्द्रीय भर्ती एवं पदोन्नति विभाग,
कारपोरेट केन्द्र, मुम्बई
(फोन: 022-2282 0427; फैक्स: 022-2282 0411; ई-मेल: crpd@sbi.co.in)

## विशेषज्ञ संवर्ग के अधिकारियों की भर्ती

विज्ञापन नं. CRPD/SCO/CON/2016-17/12

**डाक द्वारा संलग्नको के साथ आवेदन के प्रिंट प्राप्त करने की अंतिम तिथि: 20.12.2016**

**भारतीय स्टेट बैंक में नियुक्ती के लिए अनुबंध के आधार पर निम्नलिखित पदों के लिए भारतीय नागरिकों से आवेदन पत्र आमंत्रित कर रहे हैं।**

| क्रम संख्या | पद का नाम | रिक्त | | | | | पारिश्रमिक | 01.01.2017 पर के रूप में पात्रता मापदंड | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | अनु. जाति | अनु. जन जाति | अन्य पिछड़ा वर्ग | सामान्य | कुल | | अधिकतम आयु | आवश्यक पात्रता | अनुभव |
| 1. | **1. जालसाजी प्रबंधन के लिए सलाहकार** (अनुबंध के आधार पर, प्रारंभ में 2 वर्षों के लिए) बैंक के स्थानीय प्रमुख कार्यालय दिल्ली, मुंबई, कोलकाता, चेन्नई और हैदराबाद में | - | - | 1 | 4 | 5 | कुल मासिक पारिश्रमिक ₹ 50000/- और मासिक प्रशासनिक खर्च ₹ 25000/-। | 65 वर्ष | आवेदक एक सेवानिवृत्त आईपीएस (भारतीय पुलिस सेवा) अधिकारी / राज्य पुलिस सेवा के अधिकारी होना चाहिए, जो पुलिस उपाधीक्षक के पद से नीचे नहीं हो और सतर्कता / आर्थिक अपराध / साइबर क्राइम विभाग में काम किया हो / संभाला हो। | अपनी सेवा के दौरान जांच के संचालन में/ जांच कार्यों में पर्यवेक्षण का न्यूनतम 5 वर्ष का अनुभव हो |
| 2. | **2. मुख्य अधिकारी (सुरक्षा)** (अनुबंध के आधार पर, प्रारंभ में 3 साल के लिए) कॉर्पोरेट केन्द्र, मुंबई में | - | - | - | 1 | 1 | ₹ 1,20,000/- प्रति माह के भत्तें और अन्य सुविधा नीचे परिच्छेद -1 में विस्तृत में बताए है | 55 वर्ष | आवेदक ने सेना में ब्रिगेडियर के रूप में कार्य किया हो/कर रहे हो, या नौसेना / वायु सेना में समकक्ष रैंक या आईजी रैंक के पुलिस अधिकारी या अर्धसैनिक सेवाओं में समकक्ष रैंक के व्यक्ति होना चाहिए। अधिकारी **31.12.2016 से पहले** काम से रिहा/सेवानिवृत्त हुए हो। हथियार से लड़नेवाले अधिकारियों को प्राथमिकता दी जाएगी। | |

(i) अन्य पिछड़ा वर्ग के उम्मीदवार (गैर क्रीमी लेयर) ऊपरी आयु में 3 वर्ष की छूट के लिए पात्र हैं।
(ii) चयन लघुसूचीयन और व्यक्तिगत साक्षात्कार के माध्यम से किया जाएगा। उम्मीदवारों को उनकी योग्यता, अनुभव और समग्र उपयुक्तता के आधार पर व्यक्तिगत साक्षात्कार के लिए चुना जाएगा।
(iii) चयन के लिए मेरिट सूची अवरोही क्रम में तैयार हो जाएगा केवल साक्षात्कार में प्राप्त किए स्कोर के आधार पर। अगर एक से अधिक उम्मीदवार कट ऑफ मार्क्स लाते है (सामान्य मार्क्स पर कट ऑफ पाइंट), तो ऐसे उम्मीदवारों को, अवरोही क्रम में उनकी उम्र के हिसाब से रैंक किया जाएगा, चयन सूची और प्रतीक्षा सूची दोनों में ही।

**1. मुख्य अधिकारी (सुरक्षा) - पारिश्रमिक**

- मासिक परिलब्धियां: ₹ 1,20,000/- प्रति माह। ₹ 18,000/- की वृद्धि दूसरे वर्ष में और ₹ 21,000/- तीसरे वर्ष में भुगतान किया जाएगा।
- आवासीय जगह बैंक द्वारा उपलब्ध कराया जाएगा।
- अधिकारी सेवा के 2 साल के पूरा होने के बाद 3 साल के अनुबंध की अवधि के दौरान एलएफसी/ एचटीसी के लिए पात्र होंगे।
- बैंक की विवेकानुसार अन्य भत्तें मिलेंगे।

**भूमिका और जिम्मेदारियां - अधिकारी जिम्मेदार होगा:**

- बैंक की सुरक्षा नीतियों को तैयार करना और उनकी समीक्षा के लिए व्यवस्था करना।
- बैंक की सुरक्षा कार्य के प्रमुख के रूप में उच्च दक्षता के स्तर पर बैंक में सुरक्षा प्रणालियों के रखरखाव को सुनिश्चित करना।
- सभी सुरक्षा से संबंधित मामलों में उपरी मॅनेजमेंट को विशेषज्ञ और व्यावसायिक सहयोग प्रदान करना - सभी समय पर बैंक की संपत्ति, ग्राहकों और कर्मचारियों की सुरक्षा और संरक्षा सुनिश्चित करना।
- सुरक्षा की दृष्टि से कारपोरेट केंद्र विभागों/प्रतिष्ठानों के लिए आपदा रिकवरी योजना पुनरीक्षण करना।
- बैंक में सुरक्षा चेतना बढ़ाना। बैंक में सुरक्षा और संरक्षा के सिस्टम के बारे में एक नीति तैयार करना।
- नियंत्रक द्वारा सौंपे कोई भी अन्य सुरक्षा से संबंधित कार्य।

**2. जालसाजी प्रबंधन के लिए सलाहकार - नौकरी प्रोफाइल:**

जालसाजी प्रबंधन के लिए सलाहकार सर्कल में वरिष्ठतम महाप्रबंधक को रिपोर्ट करेंगे और मुख्य रूप से सर्कल के उप महाप्रबंधक व मुख्य वित्तीय अधिकारी और उप महाप्रबंधक (सतर्कता) के साथ बातचीत करेंगे। विस्तृत भूमिका, जिम्मेदारियों और मुख्य निष्पादन क्षेत्रों का उल्लेख नीचे दिया हैं।

**भूमिका और जिम्मेदारियां:**

- धोखाधड़ी के मूलकारण की पहचान करने के लिए जांच अधिकारियों की सहायता करना।
- एक समान प्रकृति के बार-बार धोखाधड़ी के मामले में पैटर्न का विश्लेषण करना और उपचारात्मक उपायों का सुझाव देना।
- पुलिस / CBE / EOW / अन्य सरकारी जांच एजेंसियों के साथ काम करने के तरीके और साधन का सुझाव देना।
- धोखाधड़ी के कानूनी कोण का विश्लेषण करना और उचित दृष्टिकोण का सुझाव देना।
- बैंक द्वारा पेश आ रही किसी भी कठिनाई के मामले और उन्हें आगे बढ़ाने में अपने अतीत के कनेक्शन का उपयोग कर, एफआइआर दायर करने में बैंक की सहायता करना।
- बैंक को जांच एजेंसियों द्वारा अनावश्यक उत्पीड़न से अपने अधिकारियों को बचाने में मदद करना।
- किसी राज्य के स्थानीय कानूनों की व्याख्या समझने में मदद करना।
- जालसाजी प्रबंधन में नये तथ्यों के बारे में जानकारी शेयर करना।
- संकल्प / वसूली में तेजी लाने के लिए जांच एजेंसियों के साथ संबंध स्थापित करना।
- कार्यकलापों की अवधि के दौरान नियंत्रक (सर्कल के वरिष्ठतम महाप्रबंधक) द्वारा सौंपा गया कोई अन्य कार्य।

**3. आवेदन शुल्क (गैर वापसी योग्य):** ₹ 600/- (रूपये छह सौ केवल) - डिमांड ड्राफ्ट के माध्यम से / बैंकर्स चैक **सीआरपीडी, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया** के पक्ष में एवं **मुंबई** में देय। आवेदन शुल्क एक बार भुगतान होने पर न कोई अकाउंट में वापस किया जाएगा और न ही यह किसी भी अन्य परीक्षा या चयन के लिए आरक्षित किया जायेगा।

**4. आवेदन कैसे करे:**

- आवेदन प्रारूप बैंक की वेबसाइट **www.sbi.co.in/careers/** पर उपलब्ध है।
- उम्मीदवार आवेदन प्रारूप डाउनलोड करें और सभी मामलों में यह पूरा करें।
- पूरा आवेदन फोटोग्राफ और आवेदक के हस्ताक्षर के साथ आवेदन में उल्लेख किए पते पर निम्नलिखित कागजात की स्वप्रमाणित प्रति के साथ पोस्ट / कुरियर द्वारा भेजा जाना चाहिए।

➔ उम्र का सबूत: (10वीं / 12वीं कक्षा के प्रमाण पत्र की कॅपी या जन्म तिथि दिखाने वाला डिस्चार्ज सर्टिफिकेट)।
➔ पहचान का कोई भी प्रमाणपत्र (वोटर आईडी / आधार कार्ड / पैन कार्ड / ड्राइविंग लाइसेंस)।
➔ सक्षम प्राधिकारी द्वारा 01.04.2016 या उसके बाद की तिथि में जारी किए गए ओबीसी प्रमाणपत्र 'गैर क्रीमी लेयर' खंड (ओबीसी - गैर क्रीमी लेयर आवेदकों के लिए)।
➔ निर्वहन प्रमाण पत्र / सेवानिवृत्ति पत्र।
➔ अनुभव प्रमाण पत्र (सेवा पुस्तिका या अन्य दस्तावेज आवश्यक प्रासंगिक अनुभव साक्ष्य)।
➔ आवेदन शुल्क ₹ 600 मूल डिमांड ड्राफ्ट / बैंकर्स चैक **सीआरपीडी, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया** के पक्ष में एवं **मुंबई** में देय।
➔ सेवा में कैरियर और निष्पादन उपलब्धियों का वर्णन करता संक्षिप्त वृत्तांत / Resume और वीरता पुरस्कार / पदक यदि कोई हो समर्थन दस्तावेजों के साथ अलग अनुलग्नक के रूप में दें।
➔ सरकारी / अर्ध सरकारी कार्यालयों, राष्ट्रीयकृत बैंकों और वित्तीय संस्थाओं सहित सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम में सेवारत उम्मीदवारों को साक्षात्कार के समय नियोक्ता से 'अनापत्ति प्रमाणपत्र' प्रस्तुत करना आवश्यक है।

**5. सामान्य निर्देश:**

➔ इस पद के लिए आवेदन करते समय, आवेदक को सुनिश्चित करना चाहिए कि वह पात्रता और ऊपर उल्लेखित अन्य मानदंडों को निर्धारित तिथि पर पूरा करते / करती है और उनके द्वारा प्रस्तुत ब्यौरे सभी मामलों में सही हैं।
➔ भर्ती के किसी भी चरण पर पता चलता है कि उम्मीदवार पात्रता मानदंडों को पूरा नहीं करते और/या उसने गलत/झुठी जानकारी दी है कि या किसी भी तथ्य को दबा दिया गया है तो उसका / उसकी उम्मीदवारी निरस्त मानी जाएगी। यह कमी (कमियां) नियुक्ति के बाद भी पता चलती है, तो उसका / उसकी सेवाएं समाप्त की जा सकती हैं।
➔ आरक्षित श्रेणी के उमेदवार जैसे कि विकलांग व्यक्तिसहित जिनके लिए कोई आरक्षण का उल्लेख नहीं किया गया है वे अनारक्षित वर्ग के लिए घोषणा की रिक्तियों के लिए आवेदन करने के लिए स्वतंत्र हैं बशर्ते वह अनारक्षित श्रेणी के लिए लागू सभी पात्रता शर्तों को पूरा करते हो।
➔ उम्मीदवारों की मान्य ईमेल आईडी होनी चाहिए जिसे इस भर्ती प्रकिया की अवधि के दौरान सक्रिय रखा जाना चाहिए जो बुलावा पत्र और अन्य पत्राचार प्राप्त करने के लिए हो, यदि कोई
➔ उम्मीदवार चिकित्सकीय फिट होना चाहिए जो आसानी से और स्वतंत्र रूप से यात्रा में चल फिर सके और किसी भी प्रमुख बीमारी से पीड़ित नहीं होना चाहिए जिससे बैंक में उनके प्रदर्शन पर प्रतिकूल असर पड़ता हो। चयनित उम्मीदवार की नियुक्ति बैंक द्वारा नियुक्त/अधिकृत चिकित्सा अधिकारी द्वारा उसके/उसकी चिकित्सकीय फिट घोषित किए जाने पर निर्भर है।
➔ बैंक डाक द्वारा प्राप्ती या संचार में नुकसान या देरी के लिए कोई जिम्मेदारी नहीं लेता है।
➔ आवेदक को सुनिश्चित करना चाहिए कि आवेदन निर्धारित प्रारूप के अनुसार ठीक से और पूरी तरह से भरा है।
➔ इस विज्ञापन से तथा/अथवा इसके जवाब में प्राप्त किसी आवेदन से संबंधित किसी भी मामले में कानूनी कार्यवाही केवल मुंबई में ही शुरु की जा सकती है और ऐसे कारण/ विवाद का निपटान करने का एकमात्र और अनन्य अधिकार केवल मुंबई स्थित न्यायालय/ अधिकारण/मंच के पास ही रहेगा।
➔ बाहरी उम्मीदवारों को जिन्हें चुनने के बाद साक्षात्कार के लिए बुलाया जाएगा, उन्हें सबसे छोटे रास्ते के लिए वास्तविक यात्रा के आधार पर विमान किराया (इकोनामी क्लास) प्रतिपूर्ति की जा सकती है। स्थानीय परिवहन की प्रतिपूर्ति नहीं की जाएगी। अगर उम्मीदवार साक्षात्कार के दौरान इस पद के लिए अयोग्य पाया गया, तो कोई भी किराये की प्रतिपूर्ति नहीं की जाएगी।

संलग्न दस्तावेजों के साथ पूर्णता भरा आवेदन **महाप्रबंधक, भारतीय स्टेट बैंक, केंद्रीय भर्ती एवं पदोन्नति विभाग, 3 तल, अटलांटा भवन, नरीमन पाइंट, मुंबई - 400 021** को भेजा जाना चाहिए। ऊपर उल्लेखित पते परसंलग्न दस्तावेजों के साथ ऑनलाइन आवेदन के प्रिंटआउट प्राप्त करने की अंतिम तिथि: **20.12.2016**

मुंबई - 400021
दिनांक: 02.12.2016

महाप्रबंधक
(सीआरपीडी)